RAJHIN/2014/55262

sancharjagat.com

खबरों व विज्ञापन
के लिए सम्पर्क करें
संचार जगत
मो.नम्बरः- +917357161599

संचार जगत

दैनिक समाचार पत्र

sancharjagat.com editorial@sancharjagat.com

'सोच को इतना बड़ा रखो कि असफलता भी एक छोटा कदम लगे। सफलता कोई मंजिल नहीं, यह एक दिशा है। बड़ा सोचो, बड़ा करो।'

वर्षः 13 | अंकः 256 जयपुर, गुरूवार, 15 अक्टूबर , 2026 मूल्यः 2.00 रूपए पृष्ठ : 4

आपातकालीन स्थिति में जयपुर उतारी एयर इंडिया की फ्लाइट

संचार जगत

नई दिल्ली। फ्रैंकफर्ट से दिल्ली आ रही एयर इंडिया की फ्लाइट को बुधवार सुबह अचानक राजस्थान के जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर आपातकालीन स्थिति में उतारा गया।

यह कदम विमान को बम से उड़ाने की धमकी मिलने और हवा में कुछ पलों के लिए हाईजैक का अलर्ट जारी होने के बाद एहतियात के तौर पर उठाया गया। बोइंग 787-9 ड्रीमलाइनर विमान में सवार सभी 250 यात्री पूरी तरह सुरक्षित हैं।

बताया जा रहा है कि जब विमान भारतीय हवाई क्षेत्र के करीब पहुंच रहा था, तभी उसमें बम होने की धमकी मिली। इस गंभीर सुरक्षा खतरे के दौरान पायलट ने अनजाने में या सुरक्षा कारणों से ट्रांसपोंडर पर 'स्क्वाक 7500' कोड एक्टिवेट कर दिया। विमानन क्षेत्र में इस कोड का इस्तेमाल पायलट तब करते हैं, जब विमान का अपहरण कर लिया गया हो या उस पर किसी ने अवैध कब्जा कर लिया हो। हालांकि, यह अलर्ट सिर्फ कुछ सेकंड के लिए ही रहा, लेकिन अहमदाबाद एयर ट्रैफिक कंट्रोल को यह सिग्नल मिलते ही सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह अलर्ट हो गईं। इसके तुरंत बाद विमान को जयपुर की तरफ मोड़ दिया गया

▶ सरकार 11.40 लाख से ज्यादा कर्मियों को 2009 करोड़ बांटेगी

रेलवे कर्मचारियों को दिवाली का तोहफा, 78 दिन का मिलेगा बोनस

केंद्र सरकार ने दिव्यांग पेंशन योजना से इंदिरा गांधी का नाम हटाया, नियम भी बदला, पेंशन राशि में भी की गई बढ़ोतरी

● नई दिल्ली / आरएनएन



केंद्र सरकार ने रेलवे कर्मचारियों के लिए बड़ा फैसला लिया है। कैबिनेट ने रेलवे कर्मचारियों के लिए 78 दिन के बोनस का ऐलान कर दिया है।

यह रेलवे कर्मचारियों के लिए दिवाली पर एक बड़ा बोनस तोहफा है। सरकार इस बोनस के तहत रेलवे कर्मचारियों को कुल 2009 करोड़ रुपये बांटेगी। इसके अलावा केंद्र सरकार ने दिव्यांग पेंशन योजना में बड़ा बदलाव किया है। सरकार ने योजना का नाम इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विकलांगता पेंशन योजना से बदल कर प्रधानमंत्री दिव्यांगजन पेंशन योजना कर दिया है और पेंशन राशि भी बढ़ा दी है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते हुए कहा कि इससे रेलवे के 11 लाख 40 हजार कर्मचारियों को फायदा होगा। पीएम मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने रेलवे कर्मचारियों के प्रदर्शन को देखते हुए 11,40,770 रेलवे कर्मचारियों को 2009.61 करोड़ रुपये के 78 दिनों के बोनस के भुगतान को मंजूरी दे दी है।

दिव्यांगजन पेंशन में किए गए बड़े बदलाव

सरकार ने दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 के प्रावधानों के अनुरूप दिव्यांग पेंशन में कई महत्वपूर्ण छूट और बढ़ोतरी दी है। नए नियम के तहत अब 80 प्रतिशत विकलांगता की शर्त को घटाकर 40 प्रतिशत बेंचमार्क विकलांगता कर दिया गया है। इसका मतलब यह है कि अब 40 प्रतिशत दिव्यांगता वाले लोग भी पेंशन के पात्र होंगे। वहीं, दिव्यांग पेंशन पाने के लिए अब न्यूनतम आयु शून्य कर दी गई है। यानी जन्म से ही दिव्यांगजन पेंशन पाने के लिए पात्र होंगे। नई दिव्यांग पेंशन दर के मुताबिक, 0 से 79 वर्ष की आयु वर्ग के लिए 300 रुपये सहायता राशि से बढ़ा कर 375 रुपये प्रति माह की गई है। जबकि 80 वर्ष और उससे अधिक आयु वर्ग के लिए 500 रुपये सहायता राशि बढ़ा कर 625 रुपये कर दी गई है। दिव्यांग पेंशन के बदले हुए पात्रता मानदंड, लाभार्थियों की संख्या और सहायता दरों से जुड़ी नई गाइडलाइन्स अगले तीन महीनों के भीतर जारी कर दी जाएंगी और उन्हें जमीनी स्तर पर लागू कर दिया जाएगा। वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन और राष्ट्रीय परिवार लाभ योजना की शेष शर्तें और पेंशन राशि बिना किसी बदलाव के अपने मौजूदा स्वरूप में जारी रहेंगी।

ग्रामीण योजनाओं में दी 53,428 करोड़ की राशि

कैबिनेट ने राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम को वित्तीय वर्ष 2026-27 से 2030-31 तक अगले 5 वर्षों के लिए जारी रखने के ग्रामीण विकास मंत्रालय के प्रस्ताव को अपनी मंजूरी दे दी है। इस योजना के लिए सरकार ने 53,428 करोड़ का कुल बजट आवंटित किया है। इस फैसले के तहत योजनाओं के नामों में बदलाव, दिव्यांगजनों के लिए पात्रता व पेंशन दरों में राहत और बुजुर्गों व विधवाओं के लिए पेंशन को पहले की तरह जारी रखने का निर्णय लिया गया है। इससे देश के सभी 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 3.20 करोड़ लाभार्थियों को सीधा लाभ मिलेगा। केंद्र सरकार ने दिव्यांग पेंशन योजना में बड़ा बदलाव किया है। सरकार ने योजना का नाम इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विकलांगता पेंशन योजना से बदल कर प्रधानमंत्री दिव्यांगजन पेंशन योजना कर दिया है7 इसके साथ ही सरकार ने विकलांगता प्रतिशत में भी बदलाव किया है। सबसे बड़ी बात यह है कि पेंशन राशि को भी बढ़ा दिया गया है।

विदेश मंत्रालय की यूएन को चेतावनी

भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं

नई दिल्ली/संचार जगत

दिल्ली में विरोध प्रदर्शन को लेकर संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त कार्यालय (ओएचसीएचआर) की टिप्पणी पर भारत ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि इस मामले में जताई गई चिंताएं अनुचित और अस्वीकार्य हैं, क्योंकि यह भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप के समान है। जायसवाल ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त कार्यालय का रवैया चुनिंदा प्रतीत होता है। उन्होंने आरोप लगाया कि दुनिया के अन्य हिस्सों में हो रहे विरोध प्रदर्शनों और कानून लागू करने वाली एजेंसियों की कार्रवाई पर संगठन ने अपने सार्वजनिक बयानों में इसी तरह प्रतिक्रिया नहीं दी है।



ओएचसीएचआर को भारत ने सुनाई खरी-खरीः विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि अगर वे इसी रास्ते पर चलते रहे, तो इससे बहुपक्षवाद में लोगों का विश्वास कम होगा। साथ ही, इससे एक संगठन के रूप में उनकी विश्वसनीयता भी कमजोर होती है।

वहीं उन्होंने बिम्सटेक देशों के गृह मंत्रियों के संवाद के बारे में भी जानकारी दी। गृह मंत्री अमित शाह ने बैठक की मेजबानी की और इसमें बिम्सटेक के सभी सदस्य देशों ने हिस्सा लिया। बातचीत और बैठक के बाद दिल्ली घोषणा को भी स्वीकार किया गया।

विस्कॉन्सिन में विमान हादसा, बच्चे समेत छह की मौत

वाशिंगटन, आरएनएन। अमेरिका के विस्कॉन्सिन राज्य में एक बेहद भयानक और दर्दनाक विमान हादसा हुआ है। विस्कॉन्सिन डेल्स के पास एक घने जंगलों वाले इलाके में उड़ान भर रहा एक छोटा विमान अचानक कंट्रोल से बाहर हो गया. ये प्लेन हवा में गोते खाते हुए जमीन पर आकर क्रैश हो गया। इस भीषण दुर्घटना में एक मासूम बच्चे समेत विमान में सवार सभी 6 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई है। इस प्लेन क्रैश से पहले पायलट के आखिरी मैसेज की भी बात सामने आई है। जिसे सुनने के बाद ही हादसे की असली वजह का पता लग सकेगा। हालांकि, खराब मौसम वाला एंगल भी एक कारण माना जा रहा है। केनोशा से मेनोमोनिया जा रहा था विमान साउक काउंटी शेरिफ विभाग से मिली ये दर्दनाक हादसा मंगलवार रात करीब दस बजे से ठीक पहले डेलॉना शहर के पास हुआ।

ईडी ने रिलायंस पावर की संपत्तियां जब्त कीं

संचार जगत

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय की जांच इकाई ने विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम के तहत अनिल अंबानी के नेतृत्व वाली रिलायंस पावर लिमिटेड की भारत में 2 हजार 32.81 करोड़ रुपए मूल्य की संपत्तियां जब्त की हैं। जब्त की गई संपत्तियों में आरपीएल के बैंक खातों में जमा राशि और सासन पावर लिमिटेड में उसकी हिस्सेदारी शामिल है।

इन संपत्तियों का मूल्य कंपनी द्वारा भारत के बाहर रखी गई उस विदेशी मुद्रा के बराबर है, जिसे फेमा की धारा 4 का उल्लंघन करते हुए विदेश में रखा गया था। बयान में कहा गया कि भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड से मिली जानकारी के आधार पर जांच शुरू की गई थी।

यह जानकारी आरपीएल की लेखा पुस्तकों में 2,101.46 करोड़ रुपये की राशि को बट्टे खाते में डालने से संबंधित थी।

राहुल गांधी ने दिल्ली पुलिस पर लगाए बर्बरता के आरोप

बोले- हिरासत में लिए एनएसयूआई प्रदर्शनकारियों को बेरहमी से पीटा, एक महिला कार्यकर्ता एक कान से सुन नहीं पा रही

नई दिल्ली/संचार जगत



दिल्ली में हो रहे एसआईआर प्रक्रिया एवं सीईसी ज्ञानेश कुमार के खिलाफ विरोध प्रदर्शनों के बीच लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने दिल्ली पुलिस पर संगीन आरोप लगाए हैं।

बुधवार को एक प्रेस कांफ्रेंस के दौरान राहुल ने एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं के बयानों के आधार पर बताया कि पुलिस ने प्रदर्शन के समय हिरासत में लिए युवाओं को बुरी तरह से मारा पीटा है। उन्होंने तो यहां तक आरोप लगाया कि एनएसयूआई की एक महिला कार्यकर्ता की सुनने की शक्ति भी दिल्ली पुलिस की बर्बरता से चली गई है। उन्होंने दावा किया कि पुलिस ने केरल की रहने वाली अथिरा के कान पर चोट मारी, जिसके बाद उनकी सुनने की क्षमता प्रभावित हो गई है। पीड़िता का परिचय कराने के बाद राहुल के निर्देश पर छात्रा ने बताया कि वह दिल्ली यूनिवर्सिटी में पढ़ती है। उसका नाम अथिरा है और वह केरल की रहने वाली है। उन्होंने आरोप लगाया कि मंगलवार को प्रदर्शन के दौरान हिरासत में लिए जाने के बाद पुलिस बस के अंदर उनके साथ मारपीट की गई। अथिरा के मुताबिक, जब उन्हें हिरासत में लिया गया, तब बस में कोई महिला पुलिसकर्मी भी मौजूद नहीं थी।

राहुल गांधी ने कहा, ये हिंदुस्तान है, अमित शाह जी यहां कोई हिंदू-मुस्लिम नहीं है, इनकी कोई जात नहीं है। आप इस आवाज के सामने खड़े नहीं हो सकते। स्टूडेंट्स से कहना चाहता हूं। आप वीडियो बनाकर रखिए। उन सबूतों को हम रखेंगे। राहुल ने कहा कि जब सब खत्म होगा तो इन सबूतों के आधार पर सबको सजा मिलेगी।

महिला पत्रकार समेत सीजेपी के अन्य सदस्यों पर एफआईआर दर्ज

नई दिल्ली, आरएनएन। दिल्ली में प्रदर्शन के दौरान चर्चा में आए एसीपी विवेक भगत की शिकायत पर अब पुलिस द्वारा मामला दर्ज किया गया है। शिकायत में महिला स्वतंत्र पत्रकार, गजेंद्र सिंह और कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के कुछ सदस्यों पर जातिसूचक टिप्पणी करने, सार्वजनिक रूप से अपमानित करने, सरकारी ड्यूटी में बाधा डालने और सोशल मीडिया पर पर छवि खराब करने के आरोप लगाए गए है।



एसीपी विवेक भगत ने की शिकायत

ये एफआईआर 13 अक्टूबर को संसद मार्ग थाने में दर्ज की गई है। शिकायत के मुताबिक, 3 अक्टूबर को जंतर-मंतर पर प्रदर्शन के दौरान एसीपी विवेक भगत कानून-व्यवस्था की ड्यूटी पर तैनात थे। इसी दौरान स्वतंत्र महिला पत्रकार ने कथित तौर पर उनकी जाति (मेघ/मेघवाल) को लेकर अपमानजनक टिप्पणी की और उनके एसीपी पद पर नियुक्त होने पर सवाल उठाए। प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लेने की कार्रवाई के दौरान महिला पत्रकार ने एसीपी पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया। भगत का आरोप है कि स्वतंत्र महिला पत्रकार और उनके साथियों ने बार-बार उनका सामना किया, जिससे सरकारी ड्यूटी के निर्वहन में बाधा उत्पन्न हुई।

एस. जयशंकर और नेपाल के गृह मंत्री ने द्विपक्षीय संबंधों पर की चर्चा

संचार जगत

नई दिल्ली। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने नई दिल्ली में नेपाल के गृह मंत्री सुधन गुरुंग से मुलाकात की और दोनों देशों के बीच संबंधों को मजबूत करने पर चर्चा की।

विदेश मंत्री ने कहा कि यह बैठक भारत और नेपाल द्वारा द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने और सुरक्षा सहयोग बढ़ाने की कोशिशों के बीच हुई है। बैठक के दौरान गुरुंग ने नेपाल में हाल ही में आई बाढ़ और भूस्खलन के बाद भारत से मिली समय पर मदद के लिए आभार व्यक्त किया।

उन्होंने संप्रभु समानता, आपसी सम्मान और भरोसे के आधार पर दोनों देशों के लोगों के आपसी लाभ के लिए व्यावहारिक सहयोग को आगे बढ़ाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। बैठक मुख्य रूप से द्विपक्षीय सुरक्षा सहयोग को मजबूत करने, सीमा प्रबंधन पर समन्वय, अंतरराष्ट्रीय अपराधों से निपटने और आपदा की तैयारी व उससे निपटने की क्षमता बढ़ाने पर केंद्रित थी।

गुरुंग ने आतंकवाद और अंतरराष्ट्रीय अपराधों के खिलाफ क्षेत्रीय सहयोग के लिए नेपाल की प्रतिबद्धता को दोहराया और साथ ही सुरक्षित सूचना-साझाकरण, समन्वित प्रतिक्रिया और प्रतिबद्धताओं के समय पर कार्यान्वयन पर जोर दिया।

बैठक में आतंकवाद, आतंकवाद की फंडिंग, कट्टरपंथ, ड्रग्स तस्करी, मानव तस्करी, साइबर क्राइम और संगठित अपराध के खिलाफ मिलकर कार्रवाई करने पर जोर दिया गया।

ट्रंप ने जीतने पर किया 5 हजार डॉलर देने का वादा

संचार जगत

वॉशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वादा किया कि अगर रिपब्लिकन कांग्रेस के दोनों सदनों पर अपना नियंत्रण बनाए रखते हैं, तो हर अमेरिकी नागरिक को 5 हजा डॉलर दिए जाएंगे। उन्होंने अलास्का के वासिला में एक मिड-टर्म रैली में कहा कि इसके लिए टैरिफ से होने वाली कमाई का इस्तेमाल किया जाएगा।

ट्रंप ने कहा कि अगर रिपब्लिकन हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स और सीनेट जीतते हैं, तो मैं अमेरिका के सभी बालिग नागरिकों को 5 हजार डॉलर दूंगा। ऐसा सिर्फ रिपब्लिकन ही कर सकते हैं, डेमोक्रेट नहीं, क्योंकि हमारे पास बहुत बड़ी मात्रा में पैसा आ रहा है। यह पैसा टैरिफ से आया है।

विजय सरकार ने नहीं दी RSS मार्च की अनुमति

मद्रास हाईकोर्ट ने पूछा- जब जम्मू-कश्मीर में इजाजत तो तमिलनाडु में रोक क्यों

नई दिल्ली/संचार जगत



तमिलनाडु की थलपति विजय सरकार ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) को रूट मार्च की अनुमति नहीं दी। इस पर मद्रास हाईकोर्ट ने बुधवार को तमिलनाडु सरकार से आरएसएस के रूट मार्च की इजाजत नहीं देने के फैसले पर सवाल उठाए।

कोर्ट ने राज्य सरकार से कहा कि वह शांतिपूर्ण जुलूस और जनसभा के इंतजामों के लिए आयोजकों के साथ मिलकर काम करे। इस कार्यक्रम के लिए अनुमति मांगने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस वी लक्ष्मीनारायण ने जुलूसों के लिए आवेदन बार-बार खारिज किए जाने की मौखिक रूप से आलोचना की। उन्होंने कहा कि ऐसे फैसलों से संगठनों को कोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ता है और अनावश्यक मुकदमेबाजी होती है। उन्होंने सवाल किया कि जब जम्मू-कश्मीर में भी आरएसएस के मार्च की अनुमति दी जाती है तो तमिलनाडु में उन पर रोक क्यों लगाई जाती है। मौखिक टिप्पणियों में जज ने कहा विरोध-प्रदर्शन की मांगों से निपटने के दौरान सरकार लोगों को दुश्मन की तरह देखती है। उन्होंने देखा कि सत्ता में चाहे कोई भी सरकार हो, आरएसएस को हमेशा इनकार का सामना करना पड़ता है।

किस तारीख के लिए मांगी अनुमति?

यह याचिका आरएसएस सदस्य वीजी जगदीसन ने दायर की थी। उन्होंने पुलिस को निर्देश देने की मांग की थी कि वे 18 अक्टूबर, 25 अक्टूबर, 1 नवंबर या किसी अन्य उपयुक्त तारीख पर रूट मार्च के लिए उनके आवेदन पर विचार करें। याचिकाकर्ता की ओर से पेश एडवोकेट एन.एल. राजा ने कहा, संगठन को हर साल इसी तरह की मुश्किल का सामना करना पड़ता है, जबकि वे वियजादशमी पर अपना स्थापना दिवस मनाना चाहते हैं।

मोबिकिंस के पावर बैंक पर डीजीसीए ने लगाया बैन

नई दिल्ली, आरएनएन । इंडिगो की फ्लाइट में पावर बैंक में आग लगने की घटना के बाद अब नागरिक विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने एक खास मॉडल को फ्लाइट में ले जाने पर बैन लगा दिया है। ऐसे में सफर पर निकलने से पहले अपने पावर बैंक का मॉडल जरूर चेक कर लें।

डीजीसीए ने मोबिकिंस एमके-पीवी-04 मॉडल के पावर बैंक को भारत में आने-जाने वाली और देश के अंदर चलने वाली सभी फ्लाइट्स में ले जाने पर रोक लगा दी है। यह नियम केबिन बैगेज, चेक-इन बैगेज और कार्गो पर भी लागू होगा। यानी इस मॉडल को किसी भी तरह से विमान में नहीं ले जाया जा सकता। एयरलाइंस को भी इस पावर बैंक की पहचान करने और इसे फ्लाइट में ले जाने से रोकने के निर्देश दिए गए हैं। डीजीसीए ने सभी पावर बैंक पर रोक नहीं लगाई है। फिलहाल बैन सिर्फ मोबिकिंस एमके-पीवी-04मॉडल पर है। इसलिए अगर आप दूसरे ब्रांड का पावर बैंक इस्तेमाल करते हैं, तो घबराने की जरूरत नहीं है। सफर से पहले अपने पावर बैंक का मॉडल चेक करें और एयरलाइन के सुरक्षा नियमों का पालन करें।

ओपनएआई के दफ्तर में जासूसी करने वाला सऊदी का इंजीनियर पकड़ाया

नई दिल्ली/संचार जगत

ओपनएआई के एक कार्यालय से जुड़ा एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। कंपनी के सैन फ्रांसिस्को स्थित ऑफिस के एक कॉन्फ्रेंस रूम में सीक्रेट रिकॉर्डिंग डिवाइस मिलने के बाद हड़कंप मच गया है। इस मामले में फेडरल अफसरों ने सऊदी नागरिक और ओपनएआई के इंजीनियरिंग लीड अब्दुल रहमान अलफोजान (35) को गिरफ्तार किया है।

एफबीआई की रिपोर्ट में 30 सितंबर को ओपनएआई की तकनीकी निगरानी टीम ने एक कॉन्फ्रेंस रूम में टीवी के पीछे यूएसबी पोर्ट से जुड़ा हुआ एक छिपा हुआ ऑडियो-रिकॉर्डिंग डिवाइस खोज निकाला। यह डिवाइस ऐसे छिपाया था कि आसानी से नजर न आए और इसमें एडवांस एन्क्रिप्शन, ऑडियो-मॉनिटरिंग और डेटा ट्रांसफर करने की क्षमता थी। इस बात की जानकारी ओपनएआई ने बयान जारी कर एक्स पर दी।

कंपनी के एआई मॉडल ने आरोपी इंजीनियर को पहचाना



एफबीआई को सौंपी गई जांच

कंपनी ने तुरंत मामले की जानकारी एफबीआई को दी और जांच में पूरा सहयोग किया। यूएस अफसरों ने 9 अक्टूबर को आरोपी को गिरफ्तार किया। जिस कॉन्फ्रेंस रूम में यह डिवाइस मिला, वहां अक्सर ओपनएआई की मालिकाना रिसर्च, आगामी प्रोडक्ट्स की योजनाओं, व्यावसायिक रणनीतियों और अहम फैसलों पर गोपनीय चर्चाएँ होती थीं। एफबीआई निदेशक काश पटेल ने इसे राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा मामला बताते हुए कहा कि आरोपी ने कंपनी की सुपर इंटेलिजेंस तकनीक से जुड़ी संवेदनशील और गोपनीय वार्ता चुपके से रिकॉर्ड करने एक्जीक्यूटिव कॉन्फ्रेंस रूम में यह गुप्त डिवाइस छिपाया था।

होर्मुज में डूबा कंटेनर जहाज तेल आपूर्ति पर छाया संकट

नई दिल्ली/संचार जगत

मिडिल ईस्ट में चल रहे तनाव के बीच एक बड़ी खबर सामने आई है। होर्मुज के दक्षिण में एक बड़ा कंटेनर जहाज समुद्री खदान से टकराकर डूब गया है। जहाज में 2500 से ज्यादा कंटेनर लदे हुए थे। ईरान की आईआरजीसी नेवी ने बुधवार को इसकी जानकारी दी।

बारूदी सुरंग से टकराया था जहाज

टक्कर के तुरंत बाद जहाज में आग लग गई और कुछ देर बाद वह डूब गया। इससे तेल आपूर्ति में संकट छा गया है। यह घटना उस समय हुई जब जहाज होर्मुज के दक्षिणी हिस्से से गुजर रहा था। आईआरजीसी नेवी के मुताबिक, जहाज एक अनधिकृत और खतरनाक रास्ते से इस जलमार्ग को पार करने की कोशिश कर रहा था। नेवी ने कहा कि जहाज ने सुरक्षित और निर्धारित मार्ग का इस्तेमाल नहीं किया। हालांकि, ईरानी नेवी ने जहाज का नाम, उसकी कंपनी, झंडा या कहां से कहां जा रहा था, इसकी कोई जानकारी नहीं दी है।

ईरानी नेवी ने जहाज के क्रू मेंबर्स के बारे में कुछ भी नहीं बताया। यह भी स्पष्ट नहीं है कि हादसे में किसी की जान गई या नहीं। न ही यह जानकारी दी गई कि जहाज पर कितने लोग सवार थे और उन्हें बचाया गया या नहीं। जहाज के डूबने की पूरी वजह और हालात भी अभी साफ नहीं हुए हैं।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में आपत्तियों का किया निस्तारण

संचार जगत

जयपुर। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत किसानों के हितों की सुरक्षा एवं फसल बीमा संबंधी शिकायतों के प्रभावी निस्तारण के उद्देश्य से पंत कृषि भवन में राज्य स्तरीय शिकायत निराकरण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में बीमा कम्पनियों द्वारा फसल कटाई प्रयोगों पर दर्ज आपत्तियों सहित विभिन्न जिलों से प्राप्त फसल बीमा संबंधी प्रकरणों का निस्तारण किया गया। इस मौके पर प्रमुख शासन सचिव मंजू राजपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना किसानों को प्राकृतिक आपदाओं एवं प्रतिकूल परिस्थितियों में फसल नुकसान से आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने की महत्वपूर्ण योजना है। योजना का वास्तविक लाभ किसानों तक पहुंचाने के लिए फसल बीमा से संबंधित आपत्तियों एवं शिकायतों का निस्तारण निर्धारित प्रावधानों, उपलब्ध अभिलेखों एवं तथ्यों के आधार पर पूरी पारदर्शिता के साथ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों के हितों की रक्षा सर्वोपरि है। बीमा संबंधी प्रकरणों के निस्तारण में अनावश्यक विलंब नहीं होने दिया जाएगा तथा प्रत्येक प्रकरण का निस्तारण योजना के दिशा-निर्देशों के अनुरूप किया

सवाईमाधोपुर में प्रशासन की त्वरित कार्रवाई से खुला वर्षों पुराना रास्ता, 600 बीघा कृषि भूमि तक पहुंच हुई सुगम

प्रशासन ने लिया संज्ञान, राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर हटाया अतिक्रमण

संचार जगत

जयपुर। सवाईमाधोपुर जिले की बौंली तहसील के ग्राम सुंदरपुर में वर्षों से अतिक्रमण के कारण बंद पड़े आम रास्ते को प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण मुक्त करवा दिया है। रास्ता खुलने से करीब 600 बीघा कृषि भूमि तक किसानों एवं ग्रामीणों की आवाजाही सुगम हो गई है। इससे खेती-किसानी से जुड़े कार्यों में आ रही बाधा दूर होने के साथ ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली है।

रास्ते पर अतिक्रमण और किसानों की परेशानी से

संबंधित खबर पर संज्ञान

तहसीलदार छीतर लाल मीणा के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर रास्ते से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। राजस्व टीम की कार्रवाई से लंबे समय से बंद रास्ता आवागमन के लिए खुल गया। इससे किसानों को अपनी कृषि भूमि तक पहुंचने, कृषि उपकरण ले जाने तथा फसल संबंधी कार्य समय पर करने में सुविधा मिलेगी। रास्ता बंद होने से खेती-किसानी प्रभावित होने और ग्रामीणों को अतिरिक्त परेशानी का सामना करने की स्थिति अब दूर हुई है। कार्रवाई में पटवारी दिनेश मीणा, हरिकेश



गुर्जर, मंचिता गुर्जर एवं कमल तथा आईएलआर मनराज बैरवा का सहयोग रहा।

मीडिया के माध्यम से सामने आई जनसमस्या पर त्वरित संज्ञान लेकर रास्ते को अतिक्रमण मुक्त कराना प्रशासन की संवेदनशीलता, जवाबदेही और जनहित के प्रति प्रतिबद्धता का उदाहरण है।

एसआईआर के मामले में ओवैसी भी पहुंचे सुप्रीम कोर्ट

संचार जगत

नई दिल्ली। एआईएमआईएम के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने एसआईआर के मामले में सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की है।

इसमें उन्होंने देशभर में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के तरीके को चुनौती दी। बीते दिनों, कांग्रेस नेता राहुल गांधी और 10 प्रमुख विपक्षी नेताओं ने भी एसआईआर और इससे संबंधित अन्य प्रक्रियाओं में कथित अनियमितताओं के खिलाफ शीर्ष अदालत में याचिका दायर की है।

ओवैसी की तरफ से पेश हुए वकील निजामुद्दीन पाशा ने भारत के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ के समक्ष यह मामला उठाया।

याचिका का जिक्र करते हुए पाशा ने कहा कि मामला इस बात से जुड़ा है कि एसआईआर अभ्यास कैसे किया जा रहा है।

भौंडा में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई

संचार जगत

जयपुर। भरतपुर जिले के भौंडा गांव में अब लाल निशान, नोटिस और बुलडोजर की तैयारी के बीच प्रशासनिक कार्रवाई तेज हो गई है। पूर्व विधायक अतर सिंह भड़ाना की मौत के मामले में गिरफ्तारियों के बाद गांव में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई ने जोर पकड़ लिया है। कई कब्जों पर लाल निशान लगाए गए हैं, जबकि छह मकानों की दीवारें चिह्नित कर मालिकों को नोटिस थमा दिए गए हैं। प्रशासन जल्द अगला कदम उठाने की बात कह रहा है। वैर उपखंड अधिकारी ऋतुराज शर्मा ने बताया कि मंगलवार को भौंडा गांव में कुछ अस्थायी अतिक्रमण हटाए गए। इसके साथ ही छह मकानों की दीवारों को चिह्नित किया गया है। संबंधित मकान मालिकों को नोटिस दिए जा चुके हैं और जल्द ही नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

राज्य में नए पश्चिमी विक्षोभ का असर

संचार जगत

जयपुर। राजस्थान में एक नए पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से मौसम में बदलाव की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार कल और परसों प्रदेश के कई जिलों में तेज मेघगर्जन, आंधी और हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। इस दौरान कुछ इलाकों में ओलावृष्टि की भी आशंका है। पश्चिमी राजस्थान के बीकानेर संभाग और आसपास के जिलों में 15 अक्टूबर को मौसम का असर ज्यादा दिखाई देने के आसार हैं। पूर्वी राजस्थान के जयपुर और भरतपुर संभाग में 16 अक्टूबर तक बारिश हो सकती है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की प्रबल संभावना है। इसके प्रभाव से प्रदेश के पश्चिमी और पूर्वी हिस्सों में बादलों की आवाजाही बढ़ेगी और कई स्थानों पर मौसम बदल सकता है। विभाग ने संभावित आंधी, बारिश और ओलावृष्टि को देखते हुए किसानों को विशेष कृषि मौसम सलाह भी जारी की है।

देवनानी ने रॉयल राजस्थान स्टेट कराटे चैंपियनशिप के प्रमाण पत्रों का अवलोकन किया

विधानसभा अध्यक्ष से मिले कराटे खिलाड़ी: बच्चों को भविष्य में सफलता के लिए शुभकामनाएं दी

संचार जगत

जयपुर। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी से बुधवार को विधानसभा में कराटे के नौ खिलाड़ियों ने मुलाकात की। ये खिलाड़ी रॉयल राजस्थान स्टेट कराटे चैंपियनशिप में भाग लेकर लौटे है।

देवनानी ने रॉयल राजस्थान स्टेट कराटे चैंपियनशिप में खिलाड़ियों को मिले प्रमाण पत्रों का अवलोकन किया। देवनानी ने बच्चों को भविष्य में निरन्तर सफलता के लिए शुभकामनाएं दी। देवनानी ने खिलाड़ियों से संवाद करते हुए खेलों के प्रति उनकी रुचि और कराटे के अभ्यास के संबंध में जानकारी ली।

उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। खेलों से अनुशासन, आत्मविश्वास, धैर्य



और संघर्ष करने की क्षमता विकसित होती है। कराटे जैसे आत्मरक्षा के खेल बच्चों को शारीरिक रूप से सक्षम और मानसिक दृढ़ता भी प्रदान करते हैं। देवनानी ने कहा कि विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ खेल गतिविधियों में भी सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए। निरंतर अभ्यास, समर्पण और सकारात्मक दृष्टिकोण से ही उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्ध रहते हुए आगे बढ़ने और विद्यालय, परिवार तथा प्रदेश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के साथ उनके कोच दिनेश डाबी तथा शिक्षिकाएं मंजू गौड़ और मोनिका भी उपस्थित थी।

सौरभ दास और रांका गिरफ्तारी से भड़का विपक्ष

संचार जगत

नई दिल्ली। जंतर-मंतर पर तिरंगा फहराने के मामले में कॉकरोच जनता पार्टी के नेता सौरव दास और आशुतोष रांका को पांच दिन की न्यायिक हिरासत में भेजकर तिहाड़ जेल में रखा गया है। दोनों नेताओं की गिरफ्तारी के बाद राजनीतिक घमासान तेज हो गया है। राहुल गांधी, संजय सिंह, आतिशी, सौरभ भारद्वाज, योगेंद्र यादव और वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत भूषण समेत कई नेताओं ने कार्रवाई पर सवाल उठाए हैं। दिल्ली पुलिस ने कॉकरोच जनता पार्टी के 14 सदस्यों के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस के मुताबिक, 13 अक्टूबर को ये सदस्य प्रतिबंधित जंतर मंतर पर निजी परिसर के रास्ते पहुंचे और पुलिसकर्मियों के काम में बाधा डाली। मामले में कनॉट प्लेस और पार्लियामेंट स्ट्रीट थाने में दो एफआईआर दर्ज की गई। दिल्ली पुलिस ने सौरव दास, आशुतोष रांका और अजिंक्य शिंदे के खिलाफ एहतियाती कार्रवाई की। तीनों को विशेष कार्यकारी मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया गया। इसके बाद सौरव दास और आशुतोष रांका को पांच दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया, जबकि अजिंक्य शिंदे को छह महीने तक शांति बनाए रखने के लिए 5 हजार रुपये के मुचलके पर पाबंद किया गया। सौरव दास और आशुतोष रांका को पांच दिन की न्यायिक हिरासत में भेजे जाने के बाद विपक्षी नेताओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपनी प्रतिक्रियाएं साझा कीं। सीजेपी नेताओं का कहना है कि वे भारतीय ध्वज लेकर जंतर-मंतर पहुंचे थे और उन्होंने देशभक्ति के नारे लगाए थे। राहुल गांधी ने सौरव दास और आशुतोष रांका को जेल भेजे जाने पर सवाल उठाते हुए कहा कि जंतर-मंतर पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन के दौरान तिरंगा फहराना कोई अपराध नहीं है और इसके लिए युवाओं को जेल भेजना कायरतापूर्ण कार्रवाई है।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने किया अमृता हाट का अवलोकन, एसएचजी महिलाओं को ऑनलाइन बिक्री के लिए किया प्रेरित

संचार जगत

जयपुर। उपमुख्यमंत्री तथा महिला एवं बाल विकास मंत्री दिया कुमारी ने बुधवार शाम को जवाहर कला केन्द्र में 11 से 20 अक्टूबर तक आयोजित राज्य स्तरीय अमृता हाट का अवलोकन किया।

उल्लेखनीय है कि इस अमृता हाट में 170 से अधिक स्टॉल्स पर महिला समूहों के हस्तशिल्प, वस्त्र, आभूषण एवं स्थानीय उत्पादों का प्रदर्शन एवं विक्रय किया जा रहा है।

इस अवसर पर उन्होंने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा लगाए गए स्टॉल्स पर जाकर उनके उत्पादों की सराहना की, उनका उत्साहवर्धन किया और खरीदारी भी की। दिया कुमारी ने कहा कि सरकार का संकल्प है कि हर एसएचजी महिला उद्यमी बने और उसे राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिले। दिया कुमारी ने इन महिलाओं को सुझाव दिया कि वे केवल



प्रदर्शनियों पर निर्भर न रहें, डिजिटल मार्केटिंग प्लेटफार्म का उपयोग करते हुए बिक्री करें, जो सरल होने के साथ वृहद बाजार उपलब्ध करवाता है।

उन्होंने इन सहभागी महिलाओं को इसी मेले में डिजिटल मार्केटिंग का प्रशिक्षण देने के अधिकारियों को निर्देश दिए।



केन्द्र ने लद्दाख में 28 जगहों के नाम तय किए

संचार जगत

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने लद्दाख प्रशासन के साथ विचार-विमर्श के बाद सीमावर्ती रणनीतिक रूप से संवेदनशील 28 जगहों के आधिकारिक नाम तय कर दिए हैं। इन जगहों में गोगरा और हॉट स्प्रिंग जैसे अहम इलाके शामिल हैं, जो साल 2020 के दौरान भारत और चीन की सेनाओं के बीच हुए सीमा विवाद और गतिरोध के समय चर्चा में आए थे। सरकार के इस कदम का मुख्य उद्देश्य आधिकारिक मैपिंग को व्यवस्थित करना और सीमावर्ती क्षेत्रों के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाना है। हालांकि, चीन के विदेश मंत्रालय ने इस पर कड़ी आपत्ति जताते हुए इसे गैर-कानूनी और अमान्य करार दिया है और बीजिंग ने भारत के इस कदम का कड़ा विरोध किया है। भारत की तरफ से उठाए गए इस कड़े और रणनीतिक कदम से सीमा सुरक्षा और मैपिंग के क्षेत्र में एक बड़ा संदेश गया है।

सरकारी ई-मेल आईडी की सुरक्षा को लेकर राजस्थान पुलिस की एडवाइजरी

संचार जगत

जयपुर। महानिदेशक पुलिस राजस्थान राजीव कुमार शर्मा के निर्देशानुसार सरकारी ई-मेल आईडी की सुरक्षा सुनिश्चित करने और उनके अनधिकृत उपयोग को रोकने के लिए राजस्थान पुलिस की साइबर शाखा RyC ने एडवाइजरी जारी कर अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सतर्क किया है। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस साइबर क्राइम वीके सिंह ने बताया कि साइबर अपराधियों द्वारा सरकारी ई-मेल आईडी और पासवर्ड चोरी कर उनका दुरुपयोग किए जाने का खतरा बना रहता है। सुरक्षा संचालन केंद्र (SOC) को डार्क वेब पर सरकारी ई-मेल के लॉगिन विवरण बिकने और लीक होने के मामले सामने आए हैं। एडीजी सिंह ने आगाह किया है कि सरकारी ई-मेल आईडी केवल आधिकारिक पत्राचार तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका उपयोग



राजस्थान एसएसओ और अन्य महत्वपूर्ण सरकारी सेवाओं में भी किया जाता है। ऐसे में ई-मेल आईडी और पासवर्ड लीक होने से विभागीय सूचनाओं, गोपनीय दस्तावेजों और अन्य महत्वपूर्ण डिजिटल संसाधनों तक अनधिकृत पहुंच का जोखिम पैदा हो सकता है।

एक ही पासवर्ड रखने से बढ़ सकता है खतरा

कई बार कर्मचारी सरकारी ई-मेल आईडी का इस्तेमाल अमेजन, फ्लिपकार्ट, जोमैटो, फेसबुक, कैब बुकिंग और गेमिंग ऐप्स जैसी निजी सेवाओं पर अकाउंट बनाने के लिए करते हैं। यदि इन प्लेटफॉर्म पर सरकारी ई-मेल के समान पासवर्ड भी रखा जाता है, तो संबंधित प्लेटफॉर्म का डेटा लीक होने की स्थिति में सरकारी खाते की सुरक्षा भी खतरे में पड़ सकती है। साइबर अपराधी चोरी किए गए ई-मेल और पासवर्ड के जरिए सरकारी खातों में अनधिकृत प्रवेश का प्रयास कर सकते हैं।

इन संकेतों को नजरअंदाज न करें

बिना अनुरोध किए लॉगिन अलर्ट या ओटीपी प्राप्त होना।

ई-मेल के Sent फोल्डर में ऐसे संदेश मिलना, जो स्वयं ने नहीं भेजे हों।

सरकारी ई-मेल खाते से अपने आप लॉगआउट हो जाना या पासवर्ड बदल जाना।

महानिदेशक पुलिस राजीव कुमार शर्मा ने ली कानून व्यवस्था पर अहम बैठक वीसी से जुड़े राजस्थान के पुलिस अधिकारी

विवादित मामलों की निगरानी, नाकाबंदी में बॉडी कैमरों का उपयोग और साइबर अपराधों में जीरो एफआईआर पर दिया विशेष

पुलिस थानों में लंबित प्रकरणों के समयबद्ध निस्तारण, अपराध नियंत्रण और आगामी पंचायती राज चुनाव तैयारियों की समीक्षा

संचार जगत

जयपुर। महानिदेशक पुलिस राजीव कुमार शर्मा ने पुलिस अधिकारियों को प्रदेश में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूर्ण सतर्कता बरतने तथा प्रत्येक परिस्थिति में प्रभावी एवं त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

बुधवार को पुलिस मुख्यालय में आयोजित अपराध एवं कानून-व्यवस्था समीक्षा बैठक में डीजीपी ने लंबित प्रकरणों के समयबद्ध निस्तारण, अपराधों की रोकथाम, संवेदनशील घटनाओं की निगरानी, आगामी पंचायती राज चुनावों की तैयारियों तथा पुलिसकर्मियों के आचरण सहित विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा की।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित बैठक में सभी रेंज के पुलिस महानिरीक्षक एवं पुलिस जिलों के पुलिस अधीक्षक जुड़े।

पुलिस मुख्यालय में समस्त अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस तथा वरिष्ठ पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

विवादित मामलों पर रहेगी विशेष निगरानी

डीजीपी शर्मा ने कहा कि विवादित मामलों के कारण क्षेत्र में कानून-व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका वाले मामलों को प्राथमिकता से चिह्नित किया जाए। ऐसे मामलों की सूची तैयार कर नियमित निगरानी की जाए, थाना, वृत्त एवं जिला स्तर पर नियमित समीक्षा की जाए तथा राजस्व, वन विभाग सहित संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जाए। विवादों के निस्तारण के लिए समझाइश, निरोधात्मक कार्रवाई और अन्य वैधानिक उपाय अपनाने के निर्देश दिए गए, ताकि विवाद गंभीर रूप लेने से पहले ही स्थिति को नियंत्रित किया जा सके।

आमजन के प्रति संवेदनशील व्यवहार जरूरी

बैठक में पुलिसकर्मियों की अपराधों में संलिप्तता के मामलों को गंभीरता से लेते हुए ऐसे कार्मिकों की पहचान, निगरानी और नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

डीजीपी शर्मा ने स्पष्ट किया कि पुलिस थानों और फील्ड में तैनात पुलिसकर्मियों का व्यवहार आमजन के प्रति संवेदनशील, सौहार्दपूर्ण एवं सहयोगात्मक होना चाहिए। पुलिस अधिकारियों को परिवादियों की नियमित सुनवाई कर उनकी समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के लिए भी निर्देशित किया गया।

संवेदनशील घटनाओं में त्वरित कार्रवाई

डीजीपी ने हाल के दिनों में हुई विभिन्न घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए संवेदनशील एवं गंभीर मामलों में वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा प्रभावी पर्यवेक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

ऐसी घटनाओं की सूचना तत्काल उच्चाधिकारियों तक पहुंचाने, तथ्यों के आधार पर त्वरित एवं समुचित कार्रवाई करने तथा प्रेस एवं सोशल मीडिया के माध्यम से समय पर तथ्यपरक जानकारी साझा करने पर जोर दिया गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि कानून-व्यवस्था के मामलों में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। दोषी पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा तथा जिम्मेदारी निर्धारित कर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

लंबित मामलों के निस्तारण में तय होगी जवाबदेही

डीजीपी शर्मा ने पुलिस थानों में लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि एक वर्ष से अधिक अवधि से लंबित मामलों की समीक्षा संबंधित




पुलिस अधीक्षक तथा तीन वर्ष से अधिक अवधि से लंबित मामलों की समीक्षा संबंधित रेंज आईजी करेंगे। उन्होंने पुराने मुकदमों के साथ लंबित चालान एवं अंतिम रिपोर्ट (एफआर) के निस्तारण के लिए प्रभावी कार्ययोजना बनाने पर जोर दिया।

लंबित मामलों की नियमित समीक्षा कर उनके निस्तारण में आ रही बाधाओं को दूर करने के निर्देश भी दिए गए।

अपराधों में वृद्धि वाले जिलों को विश्लेषण कर कार्ययोजना बनाने के निर्देश

डीजीपी ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) एवं भारतीय दंड संहिता (भादंसं) के तहत दर्ज प्रकरणों में पांच प्रतिशत से अधिक वृद्धि वाले जिलों को अपराधों का विश्लेषण कर प्रभावी कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए।



सूर्या का मोशन पोस्टर जारी आक्रामक अंदाज में दिखे सनी

मुंबई। बॉलीवुड स्टार सनी देओल अपनी अपकमिंग फिल्म 'सूर्याः अंत से आरंभ तक' में एक नए अवतार से दर्शकों को चौंकाने के लिए तैयार हैं। अभिनेता ने सोमवार को फिल्म का मोशन पोस्टर जारी करके इसकी आधिकारिक घोषणा की। फर्स्ट लुक पोस्टर में वह काफी गंभीर और आक्रामक अंदाज में नजर आ रहे हैं। मोशन पोस्टर में देखा जा सकता है कि सनी देओल उम्रदराज लग रहे हैं। उनकी दाढ़ी आधी पकी है और आधी काली है। वह सिगरेट पी रहे हैं और उनका लुक आक्रामक है। उन्होंने टी-शर्ट पहनी है। पोस्टर शेयर करते हुए अभिनेता ने कैप्शन में लिखा 'अतीत और वर्तमान के बीच उलझा हुआ, वह सच का पता लगाता है! पेश है 'सूर्याः अंत से आरंभ तक'!


लाइफ Style

श्रेया सीरीज 'सहर होने को है' से कमबैक

नई दिल्ली/संचार जगत

पर्दे पर किरदार निभाने वाले कलाकारों को कई बार ऐसे चैलेंज मिलते हैं जो सालों इंडस्ट्री में काम करने के बावजूद अलग और चुनौतीपूर्ण लगते हैं। खासकर अगर वह किरदार ग्रे या नेगेटिव हो तो। कुछ ऐसा ही है गुजराती सिनेमा में काम करने वाली एक्ट्रेस श्रेया दवे का हाल।

'बरसातें: मौसम प्यार का' के बाद दो साल तक वर्टिकल ड्रामा और गुजराती सिनेमा में काम करने के बाद, श्रेया दवे छोटे पर्दे पर लौट आई हैं। अभी वह 'सहर होने को है' में पार्थ समथान के किरदार की सौतेली बहन जीनत का रोल निभा रही हैं। एक्ट्रेस इस बात को लेकर एक्साइटेड हैं कि उनका किरदार कहानी में क्या-क्या मोड़ लाएगा। श्रेया कहती हैं, 'एक एक्टर के तौर पर जीनत का किरदार मेरे लिए इसलिए खास और रोमांचक है क्योंकि वह कहानी में कुछ बहुत ही बदलता है। उसका सफर काफी उतार-चढ़ाव भरा होगा, जिससे मुझे अलग-अलग शेड्स और कई तरह की भावनाएं दिखाने का मौका मिलेगा। श्रेया ने कहा, 'मेरे लिए यही बात इस रोल को इतना खास बनाती है। जीनत मुझे एक एक्टर के तौर पर बिल्कुल अलग दायरे में ले जा रही है, जिससे मुझे ऐसी भावनाएं दिखाने का मौका मिल रहा है जो मैंने पहले कभी नहीं दिखाईं। यह नया, चैलेंजिंग और बेहद रोमांचक है और मुझे इस किरदार को समझने में बहुत मजा आ रहा है। मैं उसे पॉजिटिव या नेगेटिव का लेबल लगाकर किसी एक दायरे में नहीं बांधना चाहती। इसलिए, मैं यही कहूंगी कि जीनत को इतनी जल्दी जज न करें'।




हॉलीवुड मसाला



गॉडजिला माइनस... का ट्रेलर रिलीज

लॉस एंजिल्स। गॉडजिला माइनस जीरो के लेटेस्ट ट्रेलर से कनफर्म होता है कि पिछली फिल्म में गॉडजिला पूरी तरह से खत्म नहीं हुआ था। इसमें नए 'काइजू' (मॉन्स्टर) को खत्म करने के ऑपरेशन की झलक भी मिलती है और नए व पुराने किरदारों से इंट्रोड्यूस कराया जाता है। ट्रेलर की रिपोर्ट के मुताबिक टोहो ने कन्फर्म किया है कि फिल्म में किंग गिडोरा दूसरा मॉन्स्टर होगा। फेस्टिवल प्रीमियर की कवरेज में गॉडजिला और गिडोरा के बीच कई भयानक और खूनी लड़ाइयों का जिक्र है, जो जमीन और आसमान में और भी तेज हो जाती हैं।




पूर्व पत्नी की शादी में 'स्पाइडर मैन' अभिनेता बने पादरी

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड की जानी-मानी ज्वेलरी डिजाइनर जेनिफर मेयर और बिजनेसमैन ज्योफ ओगुन्सलेसी की शादी इन दिनों चर्चा में बनी हुई है। इस शादी में सबसे खास बात यह रही कि जेनिफर के एक्स-हसबैंड और 'स्पाइडर-मैन' अभिनेता टोबी मैग्वायर ने ही शादी की रस्में कराईं। पेज सिक्स की रिपोर्ट के मुताबिक, जेनिफर मेयर और उनके मंगेतर ज्योफ ओगुन्सलेसी ने पिछले वीकेंड हवाई के फोर सीजन्स रिजॉर्ट लानाई में आउटडोर सेरेमनी में शादी की। खास बात यह है कि यह शादी जेनिफर और टोबी के तलाक के कुछ ही हफ्तों बाद में ही हो गई। 49 साल की जेनिफर ने शादी में स्ट्रैपलेस गाउन पहना था। वहीं, ज्योफ ब्लैक सूट और बो टाई पहने हुए नजर आए। शादी की तस्वीरों में टोबी मैग्वायर फॉर्मल कपड़ों में पादरी बनकर सेरेमनी कराते दिखाई दिए। इस दौरान न्यूली वेड कपल ने फूलों से सजे मंडप के नीचे एक-दूसरे को किस भी किया।



नखरेवाली में दिखेगी रोमांटिक कॉमेडी

मुंबई। 'तेरे इश्क में' और 'तनु वेड्स मनु रिटर्न्स' जैसी फिल्मों का निर्देशन कर चुके बॉलीवुड के जाने-माने निर्देशक आनंद एल राय की नई फिल्म 'नखरेवाली' की रिलीज डेट का ऐलान हो गया है। खास बात यह है कि इस बार फिल्म को राहुल शंकल्या ने डायरेक्ट किया है। वहीं, जियो स्टूडियोज, आनंद एल. राय और हिमांशु शर्मा फिल्म के निर्माता हैं। जबकि इसकी कहानी दिव्य निधि शर्मा ने लिखी है। रोमांटिक कॉमेडी फिल्म 'नखरेवाली' 30 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। यह फिल्म प्यार, रिश्तों और महिला-पुरुष की भूमिकाओं को एक नए अंदाज में पेश करने का वादा करती है। फिल्म के पोस्टर पर एक टैगलाइन लिखी है, 'कभी-कभी प्यार में मजनू को भी लैला बनना पड़ता है', जो रिश्तों के पारंपरिक तौर-तरीकों में एक मजेदार बदलाव की तरफ इशारा करती है।



अर्जुन नागा की शूटिंग में व्यस्त रामपाल

मुंबई। अभिनेता अर्जुन रामपाल इन दिनों अपनी फिल्म 'अर्जुन नागा' की शूटिंग में व्यस्त हैं। एक्टर ने फिल्म की बीटीएस तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर कीं। इसके साथ निर्देशक अनिल शर्मा ने भी इस भी फिल्म से जुड़ा पोस्ट साझा किया। अर्जुन रामपाल ने सोमवार को अपनी आगामी फिल्म 'अर्जुन नागा' के सेट से एक तस्वीर साझा की। इतना ही नहीं उन्होंने इसके साथ कैप्शन में लिखा, 'पहले दिन की शूटिंग शुरू हो रही है, अनिल शर्मा के निर्देशन में। अर्जुन नागा के लिए हमें अपना आशीर्वाद दें। हम दोनों में उत्कर्ष शर्मा भी हैं। यह एक शानदार सफर होने वाला है।' फिल्म के निर्देशक अनिल शर्मा ने भी फिल्म 'अर्जुन नागा' के बारे में सोशल मीडिया पर पोस्ट किया। उन्होंने फिल्म की शूटिंग का एक वीडियो पोस्ट किया।

टीवी मसाला

छह साल बाद अभिनय की दुनिया में लौटने को तैयार

नई दिल्ली। अभिनेत्री बिपाशा बसु लंबे अंतराल के बाद एक बार फिर एक्टिंग का जादू बिखेरती नजर आएंगी। उनके हाथ एक वेब सीरीज लगी है। इसकी शूटिंग शुरू हो गई है। बिपाशा बसु बिटिया देवी के जन्म के बाद से एक्टिंग से दूर हैं। मगर, उनके फैंस के लिए खुशखबरी है। अभिनेत्री करीब छह साल बाद अपनी एक्टिंग का जलवा बिखेरने को तैयार हैं। वे हंसल मेहता की वेब सीरीज से जुड़ी हैं, जिसकी शूटिंग शुरू हो चुकी है। बिपाशा बसु मशहूर फिल्ममेकर हंसल मेहता की नई सीरीज में एक अहम रोल में नजर आएंगी। अभी तक इस शो के बारे में अधिक जानकारी सामने नहीं आई है। फिलहाल, बस इतना पता चला है कि सनी कौशल और विशाल जेठवा भी इस शो में बिपाशा के साथ नजर आएंगे। सीरीज का नाम अभी तय नहीं है। हंसल मेहता की इस अनटाइटल्ड सीरीज को कश्यप कपूर और राघव राज कक्कड़ ने लिखा है। इसे 'ऑलमाइटी मोशन पिक्चर्स प्रोडक्शंस' के बैनर तले प्रमलीन संधू ने प्रोड्यूस किया है। इस प्रोजेक्ट की शूटिंग पहले ही शुरू हो चुकी है। यह शो प्राइम वीडियो पर आएगा। इसकी कहानी एक छोटे से, गुमनाम शहर की है, जो महाद्वीप की हेरोइन राजधानी बनने की कगार पर है। इसमें सनी कौशल एक ईमानदार पुलिस वाले का किरदार निभा रहे हैं, जो अपनी ईमानदारी और इंसानियत को बचाने की कोशिश करते हुए सिस्टम के अंदर और बाहर की ताकतवर ताकतों से लड़ते हैं। इस सीरीज के जरिए बिपाशा बसु अपनी बेटी देवी के जन्म के बाद लंबे ब्रेक के बाद एक्टिंग में वापसी कर रही हैं।




दो दिन में बिग बॉस से बाहर हुए नकुल

नई दिल्ली। बिग बॉस 20' में हाल ही में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर नकुल ढुल की वाइल्ड कार्ड एंट्री हुई थी। मगर उनका सफर घर में एक हफ्ते भी नहीं चल सका। सोशल मीडिया पर दावा किया जा रहा है कि उन्हें दो ही दिन में बेघर कर दिया गया है। सोशल मीडिया पर चल रही खबरों के अनुसार उन्होंने बिग बॉस का एक सख्त नियम तोड़ा है। नकुल ढुल 'बिग बॉस 20' को घर से बेघर कर दिया गया है। एक्स हैंडल 'बिग बॉस तक' के मुताबिक नकुल के घर में दाखिल होने के दूसरे दिन ही उनका एविक्शन हो चुका है। इस रिपोर्ट के मुताबिक नकुल जिन्हें 'मिट्ठू डॉन' के नाम से भी जाना जाता है उनका झगड़ा घर के पुराने प्रतिभागी गुल्लू से हो गया। इसके बाद दोनों में जमकर हाथापाई हो गई। बिग बॉस के मुख्य नियम को तोड़ने के लिए कथित तौर पर नकुल ढुल को बाहर कर दिया गया। इस रिपोर्ट में बताया गया कि नकुल और काजी तौकीर आपस में बात कर रहे थे। इस दौरान काजी, स्काउट का मजाक उड़ाने लगे। यह बात नकुल को पसंद नहीं आई। इसके बाद नकुल और स्काउट की काजी से बहस हो गई। वहां मौजूद गुल्लू ने इस मामले को शांत कराने की कोशिश की तो नकुल नाराज हो गए।


देवराहा बाबा की कहानी बड़े पर्दे पर 'मचान बाबा' का पोस्टर रिलीज

नई दिल्ली। भारतीय आध्यात्मिक परंपरा और संतों के जीवन से जुड़ी कहानियां इन दिनों सिनेमा में नई जगह बना रही हैं। नीब करौरी बाबा से प्रेरित फिल्म 'हनुमान अंश' की सफलता के बाद अब देश के सबसे रहस्यमयी संतों में गिने जाने वाले देवराहा बाबा की कहानी बड़े पर्दे पर आने जा रही है। फिल्म का नाम 'मचान बाबा' है। मेकर्स ने इसका टाइटल पोस्टर जारी कर दिया है। फिल्म फिलहाल रिसर्च और प्री-प्रोडक्शन के दौर में है और इसे 2027 में रिलीज करने की तैयारी है। देवराहा बाबा की पहचान उनके मचान से जुड़ी थी। वह नदी किनारे जमीन से कई फीट ऊपर बने मचान पर रहते और वहीं से श्रद्धालुओं से मिलते थे। लेकिन उनकी जिंदगी का सबसे बड़ा रहस्य उनकी उम्र को लेकर रहा। बाबा कितने वर्ष जीवित रहे, इसे लेकर अलग-अलग दावे और जनश्रुतियां मौजूद हैं। लेखक अभिजीत सेन ने भी अपनी पुस्तक में देवराहा बाबा की असाधारण दीर्घायु से जुड़े विभिन्न विवरणों और स्मृतियों की पड़ताल की है। कुछ कथाओं में उनकी आयु 500 वर्ष से भी अधिक होने तक के दावे किए गए हैं, हालांकि इसका कोई सर्वमान्य ऐतिहासिक प्रमाण उपलब्ध नहीं है। देवराहा बाबा के बारे में सबसे दिलचस्प बात यह भी है कि उनके साथ अलग-अलग दौर की कई बड़ी राजनीतिक हस्तियों के प्रसंग जुड़े हैं। ब्रिटिश सम्राट जॉर्ज पंचम की 1911 में बाबा से मुलाकात का दावा पुराने विवरणों में मिलता है। 2009 में संसद में हुई चर्चा के दौरान भी इस प्रसंग का उल्लेख किया गया था। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की देवराहा बाबा से मुलाकात और उनके आशीर्वाद से जुड़ी कहानी भी काफी चर्चित रही है। इसी तरह 1989 में राम मंदिर शिलान्यास से पहले तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी की बाबा से हुई मुलाकात का उल्लेख विभिन्न संस्मरणों में मिलता है।



'गणेशः डस्ट टू स्टारडस्ट' में दिखेगी कोरियोग्राफर की जिंदगी की कहानी

नई दिल्ली। कोरियोग्राफर-फिल्ममेकर गणेश आचार्य ने रविवार को अपनी आने वाली फिल्म 'गणेश डस्ट टू स्टारडस्ट' का ट्रेलर जारी किया। यह एक बायोग्राफिकल ड्रामा है जो एक साधारण शुरुआत से लेकर हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के जाने-माने कोरियोग्राफर बनने तक के उनके सफर को दिखाता है। आचार्य द्वारा लिखी और निर्देशित यह फिल्म, सिनेमा की दुनिया में अपनी पहचान बनाने के उनके सपने को पूरा करने के दौरान किए गए संघर्ष, त्याग और दृढ़ संकल्प की कहानी है। यह फिल्म इंडस्ट्री में उनके आगे बढ़ने के सफर को दिखाती है और उन चुनौतियों को भी उजागर करती है जिनका उन्होंने रास्ते में सामना किया। गणेश आचार्य की जिंदगी पर बनी फिल्म का ट्रेलर काफी दमदार और इमोशनल है। अक्षय कुमार और अजय देवगन ने भी इस ट्रेलर को अपने-अपने सोशल मीडिया पर शेयर किया है। ट्रेलर में उनके संघर्ष, मेहनत और सफलता की कहानी को दिखाया गया है। जिसमें कम उम्र में उनके पिता का निधन, आर्थिक तंगी, कम उम्र में कमाई और फिर 12 साल की उम्र में डांस की फील्ड में करियर बनाने की जिद दिखाई गई है। दर्शकों को ट्रेलर काफी पसंद आ रहा है। ट्रेलर कोरियोग्राफर के पर्सनल और प्रोफेशनल सफर की एक झलक दिखाता है, जिसमें डांस और भावुक पल कहानी का अहम हिस्सा हैं। शिवांशु सोनी, आलोक शॉ, सुकन्या कलान और साक्षी पावस्कर अभिनीत यह फिल्म 11 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। आचार्य ने एक बयान में कहा, 'मेरा हमेशा से मानना रहा है कि हर किसी को सपने देखने का अधिकार है, लेकिन सिर्फ सपने देखने से वे सच नहीं होते। आपको कड़ी मेहनत करनी पड़ती है, त्याग करना पड़ता है और आगे बढ़ते रहना पड़ता है, चाहे सफर कितना भी मुश्किल क्यों न हो। 'गणेश डस्ट टू स्टारडस्ट' के जरिए हमने इसी भावना को जीवंत करने की कोशिश की है'।



मनोरंजन के शौकीनों के लिए खास रहेगा यह सप्ताह

ओटीटी पर दस्तक देंगी ये धमाकेदार फिल्में और सीरीज

नई दिल्ली। *नए सप्ताह के साथ नई फिल्मों और सीरीज का इंतजार भी शुरू हो जाता है। थिएटर्स में यामी गौतम की नई नवेली और राजकुमार राव की प्रहार आएंगी। वहीं, ओटीटी पर भी मनोरंजन की अच्छी डोज मिलने वाली है।*

द ट्रैप : यह जर्मन साइकोलॉजिकल थ्रिलर सीरीज है। छह एपिसोड की लिमिटेड सीरीज 13 अक्टूबर से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। यह सीरीज लेखिका मेलानी राबे के बेस्टसेलिंग उपन्यास पर आधारित है। लेखिका अपनी बहन की हत्या के बाद पिछले 10 वर्षों से घर से बाहर नहीं निकली है। एक दिन उसे टीवी पर एक ऐसा शख्स दिखाई देता है, जिसे देखकर उसे लगता है कि वही उसकी बहन का हत्यारा है। वह सच्चाई सामने लाने के लिए एक जोखिम भरी योजना बनाती है।

कॉफी विद करण सीजन 9 : निर्माता-निर्देशक का चर्चित शो 'कॉफी विद करण' का नौवां सीजन इस वीक रिलीज होगा। यह सीजन आखिरी भी है। यह सेलिब्रिटी टॉक शो है। इसमें करण जौहर इंडस्ट्री के सितारों के साथ दिलचस्प बातें करते हैं और कई अनसुने किस्से बाहर आते हैं। 14 अक्टूबर से 'कॉफी विद करण सीजन 9' को दर्शक जियो हॉटस्टार पर देख सकेंगे।



विजन क्वेस्ट : यह मार्वल की सुपरहीरो एक्शन सीरीज है। दर्शक इसे 14 अक्टूबर 2026 से जियोहॉटस्टार पर देख सकते हैं। हालांकि, स्पष्ट कर दें कि 14 अक्टूबर को इसका पहला और दूसरा एपिसोड स्ट्रीम होगा। यह सीरीज हिंदी, अंग्रेजी, तमिल और तेलुगु भाषाओं में उपलब्ध होगी।

सैक्रिफाइस : यह एक डार्क कॉमेडी थ्रिलर फिल्म है। इसमें क्रिस इवांस, अन्या टेलर-जॉय और सलमा हायेक अहम भूमिकाओं में हैं। इसे 16 अक्टूबर से नेटफ्लिक्स पर देखा जा सकता है।

लव इन डिस्गाइज : अगर के-ड्रामा में दिलचस्पी है तो इसे देख सकते हैं। यह एक रोमांटिक थ्रिलर ड्रामा है। इम सिवान, सियोल इन आह, किम जंग ह्यून और येनवू अभिनीत 'लव इन डिस्गाइज' 19 अक्टूबर से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी।

इंडियन आइडियल लीजेंड्स रिटर्न

चर्चित सिंगिंग रियलिटी शो के पिछले सीजन के मशहूर सिंगर्स इसमें नजर आएंगे जो सिंगिंग मुकाबले में हिस्सा लेंगे। इस शो के जज होंगे हिमेश रेशमिया। वहीं, अभिजीत सावंत, सलमान अली समेत कई पूर्व प्रतियोगी इस शो में नजर आएंगे। इसका प्रीमियर एपिसोड 17 अक्टूबर को आएगा। वहीं, हर शनिवार और रविवार को रात आठ बजे यह शो प्रसारित होगा। इसे सोनी पर देख सकेंगे।

कैरिबियाई टीम ने 5 मैचों की टी20 सीरीज 2-2 से बराबर की

वेस्टइंडीज ने भारत को 24 रन से हराया, होप बने हीरो

नई दिल्ली/संचार जगत

भारत और वेस्टइंडीज के बीच टी20 सीरीज का चौथा मुकाबला कैरिबियाई टीम ने 24 रन से जीत लिया है। इसके साथ ही पांच मैच की सीरीज में 2-2 से बराबरी कर ली है। वेस्टइंडीज ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 3 विकेट खोकर 247 रन बनाए थे। कप्तान शाई होप ने शतकीय पारी खेली थी। इसके जवाब में भारत ने 223 रन ही बना सका। इस मैच में भारत की पारी 3 गेंद रहते खत्म हो गई, क्योंकि अर्शदीप सिंह के कंधे पर कीमो पॉल की गेंद लगी थी और भारत की हार तय थी। ऐसे में अंपायरों से बात करने के बाद अर्शदीप रिटायर्ड हर्ट हो गए।

248 रन के विशाल लक्ष्य का पीछा करने के लिए भारत को नया इतिहास रचना था, क्योंकि इससे पहले टीम इंडिया ने कभी भी 209 रन से ज्यादा का लक्ष्य हासिल नहीं किया था। ऐसे में संजू सैमसन ने शानदार शुरुआत की। उन्होंने 3 ओवर में टीम का स्कोर 50 रन पहुंचा दिया। इस दौरान 20 गेंद में अपना अर्धशतक भी पूरा किया। इस समय लग रहा था कि भारतीय टीम आसानी से लक्ष्य तक पहुंच जाएगी, लेकिन पांचवें ओवर में संजू के आउट होने के बाद भारत की रन गति धीमी हो गई। संजू पांचवें ओवर की पहली गेंद पर 23 गेंद में 56 रन बनाकर आउट हुए। उनके बल्ले से 6 चौके और 4 छक्के निकले।



शाई होप ने फिर खेली शतकीय पारी

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज टीम के लिए कप्तान शाई होप ने एक बार फिर शतक लगाया। उन्होंने 50 गेंद में नाबाद 102 रन बनाए। उनकी शानदार पारी के कारण वेस्टइंडीज की टीम 3 विकेट खोकर 247 रन बनाने में सफल रही। होप ने अपनी पारी में 9 छक्के और 4 चौके लगाए। उन्होंने पारी की आखिरी 2 गेंदों को छक्के के लिए बाउंड्री के पार पहुंचाकर अपना शतक पूरा किया। यह उनके टी20 करियर का तीसरा शतक था। वह टी20 में वेस्टइंडीज के लिए सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं।

कीमो पॉल ने 5 विकेट लेकर पलटा मैच



भारत के ओपनर्स ने 25 बॉल पर 60 रन जोड़े। संजू सैमसन ने फिफ्टी लगाई, लेकिन कीमो पॉल ने एक ही ओवर में संजू और ईशान किशन को आउट कर दिया। इसके बाद गुडाकेश मोती ने अभिषेक शर्मा और नमन धीर को लगातार गेंदों पर आउट किया।

- तिलक वर्मा और नीतीश रेड्डी ने पारी संभालने की कोशिश की। तिलक ने 25 गेंदों पर 43 रन बनाए। नीतीश ने 20 गेंदों पर 41 रन की पारी खेली।
- केमो पॉल ने 4 ओवर में 41 रन देकर 5 विकेट लिए। वह मेंस टी-20 इंटरनेशनल में एक से ज्यादा बार 5 विकेट लेने वाले वेस्टइंडीज के पहले गेंदबाज बने।

भारतीय गेंदबाजों ने जमकर रन लुटाए

इस मैच में भारत के सभी गेंदबाज बेहद महंगे साबित हुए। 4 ओवर में 36 रन देकर एक विकेट लेने वाले प्रिंस यादव सबसे सफल गेंदबाज रहे। उनका इकोनॉमी रेट 9 का था। उनके अलावा सभी गेंदबाजों का इकोनॉमी रेट 11 से ऊपर रहा। अर्शदीप सिंह और अक्षर पटेल को भी एक-एक विकेट मिला। नमन धीर ने अब तक अच्छी गेंदबाजी की थी, लेकिन इस मैच में उन्होंने सिर्फ एक ओवर ही किया और इसमें भी उन्होंने 19 रन लुटा दिए।

स्कोर बोर्ड

वेस्टइंडीज	रन	गेंद	4	6
होप नाबाद	102	50	4	9
जेवेल एलबीडब्ल्यू बो.अक्षर	21	16	2	1
हेटमायर कॉ.एंड बो.प्रिंस	33	12	4	2
पॉवेल कॉ.सैमसन बो.अर्शदीप	24	17	2	1
रदरफ़ोर्ड नाबाद	49	26	4	3

अतिरिक्त: 18, कुल रन: 247-3 (20.0)
बल्लेबाजी नहीं की: शेफर्ड, पॉल,स्प्रिंगर,चेज, मोती, शमर
विकेट पतन: 52-1,110-2,156-3. गेंदबाज- मयंक: 4-0-52-0, अर्शदीप: 4-0-52-1, प्रिंस: 4-0-36-1, अक्षर: 4-0-45-1, नमन: 1-0-19-0, रेड्डी: 3-0-39-0.

भारत	रन	गेंद	4	6
सैमसन कॉ.हेटमायर बो.पॉल	56	23	6	4
अभिषेक कॉ. स्प्रिंगर बो.मोती	29	24	3	1
ईशान कॉ. जेवेल बो.पॉल	6	3	0	1
अय्यर कॉ.जेवेल बो.स्प्रिंगर	16	11	2	0
तिलक कॉ.पॉवेल बो.शेफर्ड	43	25	2	3
नमन स्टं.होप बो.मोती	0	1	0	0
रेड्डी कॉ.पॉवेल बो.पॉल	41	20	1	4
अक्षर कॉ.रदरफ़ोर्ड बो.पॉल	3	5	0	0
प्रिंस बो.पॉल	0	1	0	0
अर्शदीप रिटायर्ड हर्ट	5	4	1	0
मयंक नाबाद	0	1	0	0

अतिरिक्त: 24, कुल: 223-10 (19.3).विकेट पतन: 60-1, 67-2, 97-3,130-4,130-5,200-6,212-7,212-8,213-9,223-10. **गेंदबाज- चेज:** 4-0-43-0, शमर: 2.3-0-47-0, शेफर्ड: 3-0-32-1, पॉल:4-0-41-5, स्प्रिंगर: 4-0-40-1, मोती: 2-0-13-2

अभिषेक शर्मा ने की धीमी बल्लेबाजी

अभिषेक शर्मा ने इस मैच में अपने स्वभाव के उलट धीमी बल्लेबाजी की। इस मैच में उन्हें पावरप्ले में ज्यादा गेंद खेलने का मौका ही नहीं मिला। जब संजू अर्धशतक लगाकर आउट हो गए थे, तब अभिषेक महज 3 रन पर खेल रहे थे। वह अंत में 24 गेंद में 29 रन बनाकर गुदाकेश मोती का शिकार हुए। उनके बल्ले से 3 चौके और एक छक्का निकला। 11.4 ओवर में 130 रन पर भारत की आधी टीम पवेलियन लौट गई थी। टीम इंडिया की हार तय दिख रही थी, लेकिन तिलक वर्मा ने नीतीश कुमार रेड्डी के साथ 32 गेंद में 70 रन की साझेदारी कर भारत को मैच में वापस ला दिया। हालांकि, वह अहम समय पर आउट हो गए। उनके आउट होने से भारत की पारी दोबारा पटरी से उतर गई।

5 करोड़ की फीस पर नटराजन की सनराइजर्स हैदराबाद टीम में वापसी

आईपीएल 2027 से पहले दिल्ली में शामिल हुए जीशान अंसारी

नई दिल्ली/संचार जगत

आईपीएल में खिलाड़ियों के ट्रेड के तहत टी नटराजन की सनराइजर्स हैदराबाद में वापसी हुई है, जबकि लेग स्पिनर जीशान अंसारी दिल्ली कैपिटल्स से जुड़ गए हैं।



सनराइजर्स ने नटराजन को पांच करोड़ रुपये की संशोधित फीस पर टीम में शामिल किया है। वहीं, अंसारी दिल्ली कैपिटल्स में अपनी मौजूदा फीस 40 लाख रुपये पर ही जाएंगे। आईपीएल ने बुधवार को दोनों खिलाड़ियों के ट्रेड की जानकारी दी।

जीशान से डीसी को स्पिन गेंदबाजी में मिलेगी मजबूती



लेग स्पिनर जीशान अंसारी अब दिल्ली कैपिटल्स की ओर से खेलते नजर आएंगे। वह 40 लाख रुपये पर ही टीम में शामिल हुए हैं। अंसारी ने आईपीएल 2026 में सनराइजर्स हैदराबाद के लिए खेले थे। अंसारी ने आईपीएल की शुरुआत दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पदार्पण मैच में तीन विकेट लेकर की थी।

2024 में नटराजन ने लिए थे 19 विकेट

35 वर्षीय बाएं हाथ के तेज गेंदबाज नटराजन सनराइजर्स हैदराबाद के प्रमुख गेंदबाजों में शामिल रहे हैं। आईपीएल 2024 में उन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए 19 विकेट हासिल किए थे। उस सीजन में वह हैदराबाद के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे और टीम को फाइनल तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई थी। नटराजन ने अब तक आईपीएल में 73 मैच खेले हैं, जिनमें उनके नाम 72 विकेट हैं।

मुंबई के फिर कप्तान बन सकते हैं रोहित शर्मा

आईपीएल फ्रेंचाइजी ने सोशल मीडिया पोस्ट से दिया बड़ा संकेत



इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस (एमआई) के एक हालिया सोशल मीडिया पोस्ट ने क्रिकेट गलियारों में हलचल मचा दी है। इस पोस्ट के बाद से यह कयास लगाए जा रहे हैं कि दिग्गज बल्लेबाज रोहित शर्मा आगामी 2027 आईपीएल सीजन में एक बार फिर मुंबई इंडियंस की कमान संभाल सकते हैं। यह सोशल मीडिया पोस्ट मीडिया में आई उन रिपोर्ट्स के कुछ ही घंटों बाद सामने आया, जिनमें यह दावा किया गया था कि रोहित शर्मा एक बार फिर टीम के कप्तान बन सकते हैं और हार्दिक पांड्या की जगह ले सकते हैं।

रोहित शर्मा की कप्तानी 5 बार जीता है खिताब

रोहित शर्मा का बतौर कप्तान रिकॉर्ड बेहद शानदार और प्रेरणादायक रहा है। उन्होंने 2013 से 2023 के बीच एक दशक तक मुंबई इंडियंस का सफल नेतृत्व किया। उनकी कप्तानी में ही टीम ने 2013, 2015, 2017, 2019 और 2020 में पांच बार आईपीएल का खिताब अपने नाम किया। वर्तमान में रोहित संयुक्त रूप से आईपीएल इतिहास के सबसे सफल कप्तान हैं। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के एमएस धोनी ने भी अपनी कप्तानी में पांच खिताब जीते हैं, और इन दोनों के अलावा आईपीएल में यह कारनामा किसी अन्य कप्तान ने नहीं किया है।

हार्दिक के कार्यकाल पर उठे सवाल

उल्लेखनीय है कि 2026 सीजन के समाप्त होने के बाद से ही हार्दिक पांड्या के भविष्य को लेकर अटकलों का बाजार गर्म है, क्योंकि उस सीजन में मुंबई इंडियंस का प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा था और टीम अंक तालिका में नौवें स्थान पर रही थी। जब से हार्दिक पांड्या ने टीम की कमान संभाली है, तब से पिछले तीन सीजन में से दो बार टीम प्लेऑफ के लिए भी क्वालीफाई नहीं कर पाई है। साल 2024 में टीम सबसे आखिरी पायदान पर रही थी।

अय्यर आईसीसी टी20 रैंकिंग में चौथे स्थान पर पहुंचे

टॉप-10 में शामिल हैं चार भारतीय बल्लेबाज

नई दिल्ली/संचार जगत

भारतीय कप्तान श्रेयस अय्यर वेस्टइंडीज के खिलाफ पांच मैच की मौजूदा श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन की बदौलत आईसीसी की बल्लेबाजों की नवीनतम टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में तीन स्थान के फायदे से करियर के सर्वश्रेष्ठ चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। अय्यर ने लखनऊ में श्रृंखला के पहले मैच में



अपना पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय शतक जड़ा। टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष 10 में चार भारतीय शामिल हैं। ईशान किशन 904 अंक के साथ शीर्ष पर हैं। उन्होंने अभिषेक शर्मा पर 13 अंक की बढ़त बना रखी है। पाकिस्तान के साहिबजादा फरहान करियर के सर्वश्रेष्ठ 883 अंक के साथ तीसरे स्थान पर हैं। श्रीलंका के खिलाफ शानदार प्रदर्शन की बदौलत पाकिस्तान के कप्तान फरहान ने करियर के सर्वश्रेष्ठ रेटिंग अंक हासिल किए। श्रीलंका के कुसल मेंडिस , वेस्टइंडीज के शेरफेन रदरफोर्ड और भारत के संजू सैमसन को भी रैंकिंग में फायदा हुआ है।

रोस्टन चेज को हुआ गेंदबाजी रैंकिंग में फायदा

वेस्टइंडीज के रोस्टन चेस ने भारत के खिलाफ शानदार प्रदर्शन के बाद आईसीसी टी20 अंतरराष्ट्रीय गेंदबाजों की रैंकिंग में 24 स्थान की छलांग लगाकर 23वां स्थान हासिल किया जबकि टी20 अंतरराष्ट्रीय ऑलराउंडरों की सूची में दो पायदान ऊपर चढ़कर तीसरे स्थान पर हैं। पाकिस्तान के सलमान मिर्जा (नौ स्थान ऊपर चढ़कर 14वें) और साइम अयूब ने भी टी20 अंतरराष्ट्रीय गेंदबाजों की रैंकिंग में सुधार किया।

प्रिंस विलियम के साथ सौरव गांगुली और अजिंक्य रहाणे ने खेला क्रिकेट

नई दिल्ली/संचार जगत

भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली और अजिंक्य रहाणे ने प्रिंस विलियम के साथ एक दोस्ताना टेनिस बॉल क्रिकेट मैच में भाग लिया। इस मैच का आयोजन ब्रिटिश राजघराने की पर्यावरण पहल, अर्थशॉट पुरस्कार समारोह के प्रचार के लिए किया गया था। यह पुरस्कार समारोह अगले महीने मुंबई में होगा। हाल ही में क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने वाले 38 वर्षीय रहाणे और गांगुली के अलावा इस मैच में वेस्टइंडीज के



पूर्व दिग्गज ब्रायन लारा तथा इंग्लैंड के जो रूट और हैरी ब्रूक ने भी भाग लिया।

प्रज्ञान के चीफ सेलेक्टर बनने का रास्ता हुआ साफ

पार्थिव पटेल ने नहीं किया आवेदन

नई दिल्ली/संचार जगत

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की सीनियर मेंस चयन समिति में वेस्ट जोन के प्रतिनिधि के तौर पर अजीत अगरकर की जगह लेने के लिए भारत के पूर्व विकेटकीपर पार्थिव पटेल को प्रबल दावेदार माना जा रहा था, लेकिन उन्होंने इस पद के लिए आवेदन नहीं किया है। इससे प्रज्ञान ओझा के लिए कार्यकाल के बचे समय तक अध्यक्ष बने रहने का रास्ता साफ हो गया है। वेस्ट जोन के खाली पद को भरने के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि बुधवार को समाप्त हो गई, लेकिन पार्थिव ने चयन प्रक्रिया से दूर रहने का फैसला किया। बीसीसीआई एक सूत्र के मुताबिक मुझे नहीं पता कि बीसीसीआई आवेदन की समयसीमा बढ़ाएगा या नहीं, लेकिन 14 अक्टूबर को शाम पांच बजे तक पार्थिव ने आवेदन नहीं किया था।



जीटी के साथ जुड़े रहेंगे पार्थिव

चयनकर्ताओं के पदों के लिए पिछली बार आवेदन आमंत्रित किए जाने पर पोवार और दिघे दोनों ने आवेदन किया था। हालांकि, पश्चिम क्षेत्र से इस पद के लिए योग्य और प्रमुख उम्मीदवारों की संख्या सीमित दिखाई दे रही है। इसकी स्थिति तभी बदल सकती है, जब बीसीसीआई आवेदन की समयसीमा बढ़ाकर पार्थिव को आवेदन करने का मौका दे। फिलहाल ऐसा लगता है कि पार्थिव सीनियर चयन समिति में भूमिका निभाने के बजाय गुजरात टाइटंस के कोचिंग स्टाफ और कमेंट्री से जुड़ी अपनी जिम्मेदारियां जारी रखेंगे।

बीएफआई महासचिव प्रमोद कुमार निलंबित

नई दिल्ली/संचार जगत

बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (बीएफआई) ने महासचिव प्रमोद कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। उन पर अधिकारों के दुरुपयोग, वित्तीय अनियमितताओं, जांच में सहयोग नहीं करने और जांच प्रक्रिया में बाधा डालने जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं। फेडरेशन ने स्पष्ट किया है कि यह निलंबन अंतरिम है और जांच पूरी होने तक प्रभावी रहेगा। बीएफआई की ओर से मंगलवार को जारी पत्र में कहा गया कि कुमार के खिलाफ लगाए गए आरोपों की जांच की जा रही है।




जांच पूरी होने तक वह महासचिव के पद से निलंबित रहेंगे। प्रमोद कुमार पर बीएफआई एलीट पुरुष और महिला ओपन बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2026 को रद्द किए जाने के मामले में चल रही जांच में सहयोग नहीं करने का भी आरोप है। यह प्रतियोगिता हिमाचल प्रदेश में 16 से 23 अगस्त के बीच आयोजित होनी थी। कुमार पर जांच में असहयोग करने के साथ ही स्वतंत्र जांच प्रक्रिया को प्रभावित करने और उसमें बाधा डालने के लिए कथित तौर पर गैरकानूनी तथा दुर्भावनापूर्ण नोटिस जारी करने का आरोप लगाया गया है।

बंगाल ने दिल्ली और गुजरात ने ओडिशा को हराया

नई दिल्ली/संचार जगत

बंगाल ने रणजी ट्रॉफी ग्रुप सी में अपने अभियान का आगाज जीत के साथ करते हुए दिल्ली को चौथे और आखिरी दिन नौ विकेट से हरा दिया। अपने कल के स्कोर तीन विकेट पर 101 रन से आगे खेलते हुए दिल्ली की टीम 106.2 ओवर में 277 रन पर आउट हो गई। कप्तान आयुष बडोनी ने 134 गेंद में 85 रन बनाये जिसमें दस चौके शामिल थे। विकेटकीपर बल्लेबाज अनुज रावत ने 76 गेंद में 39 रन का योगदान दिया।



दिल्ली के 240 रन के जवाब में बंगाल ने पहली पारी में 429 रन बनाये थे और उसे 89 रन का लक्ष्य हासिल करने के लिये 15.3 ओवर की ही जरूरत पड़ी।

गुजरात ने दी ओडिशा को 10 विकेट से मात

वहीं एक अन्य मैच में बाएं हाथ के स्पिनर सिद्धार्थ देसाई की शानदार गेंदबाजी के दम पर गुजरात ने ओडिशा को 10 विकेट से करारी शिकस्त देकर बोनस अंक सहित सात अंक हासिल किए।

मध्यप्रदेश के खिलाफ हार से बाल-बाल बचा जम्मू-कश्मीर


श्रीनगर: गत चैंपियन जम्मू-कश्मीर ने बुधवार को रणजी ट्रॉफी के ग्रुप ए के अपने पहले मुकाबले में मध्य प्रदेश के खिलाफ हार के खतरे को टालते हुए मैच ड्रॉ कराया। बारिश और खराब रोशनी के कारण चौथे और अंतिम दिन का खेल प्रभावित होने से मध्य प्रदेश जीत की ओर बढ़ते हुए भी मुकाबला अपने नाम नहीं कर सका। मध्य प्रदेश ने दूसरी पारी छह विकेट पर 249 रन बनाकर घोषित कर दी थी जिससे जम्मू-कश्मीर को जीत के लिए 326 रन का लक्ष्य मिला। इसके जवाब में मेजबान टीम का स्कोर सात विकेट पर 88 रन था, तभी खराब मौसम के कारण मैच समाप्त करना पड़ा।

स्मृति मंधाना ने बताया टीम इंडिया के लिए अपना लक्ष्य

जिम्बाब्वे के खिलाफ टी20 सीरीज कल से

नई दिल्ली/संचार जगत

भारतीय महिला टीम की नवनियुक्त कप्तान स्मृति मंधाना ने बुधवार को कहा कि उनकी टीम अगले साल होने वाली शुरूआती महिला चैंपियंस ट्रॉफी से पहले होने वाले छह टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों का पूरा फायदा उठाने की कोशिश करेगी। मंधाना शुक्रवार से रायपुर में जिम्बाब्वे के खिलाफ शुरू होने वाली तीन मैच की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में पहली बार पूर्णकालिक कप्तान के तौर पर भारतीय टीम की अगुआई करेंगी।



बीजेपी ग्राम विकास संकल्प पत्र कृषि विकास

संचार जगत

जयपुर। पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव के जरिए गांवों की सरकार चुनने के आगाज के साथ राजनीतिक पार्टियों ने तैयारियां तेज कर दी है।

प्रदेश में सत्ताधारी दल भारतीय जनता पार्टी ने पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव के लिए अपना संकल्प पत्र जारी कर अपने इरादे जता दिए हैं। वह ग्राम विकास संकल्प पत्र के जरिये गांव, देहात में रहने वाले ग्रामीणों तक यह संदेश पहुंचाया है कि वह सत्ता में आने के बाद इस विकास संकल्प पत्र के आधार पर काम करते हुए उनके जीवन स्तर को सुधारने के लिए काम करेगी। इसमें मुख्य रूप से गांवों से शहरों की तरफ पलायन रोकने पर जोर दिया गया है तो गांवों में शिक्षा, चिकित्सा और रोजगार के अवसर मुहैया करवाने के वादे किए गए हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में पांच लाख अतिरिक्त पशुधन किसान क्रेडिट कार्ड जारी किए जा रहे है ताकि पशुपालकों को चारे, देखभाल और डेयरी खर्चों के लिए समय पर आसान ऋण मिले और पशुपालन अधिक लाभकारी बने। किसान की मेहनत का पूरा दाम मिलने की सोच के साथ आगे बढ़ते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गेहूं पर एमएसपी के ऊपर अतिरिक्त बोनस जोड़कर 2 हजार 700 रुपए प्रति क्विंटल का दाम तय कराया है । साथ ही ज्वार-बाजरा की एमएसपी पर खरीद सुनिश्चित, मक्के की सरकारी खरीद का टारगेट 3 गुणा और पीएम किसान सम्मान निधि को भी बढ़ाकर 12 हजार रुपए किया जा रहा है।

भजनलाल सरकार का खेती में पानी और बिजली की समस्या दूर करने पर फोकस है। किसानों को दिन में सिंचाई के लिए बिजली, 5 लाख ड्रिप और मिनी स्प्रिंकलर सिस्टम और 2 लाख किसानों को पाइपलाइन के लिए सीधी सब्सिडी दी जा रही है। पार्टी ने पंचायत चुनावों में किसानों से कई वायदे किए हैं। इनमें एक लक्ष्य यह भी तय किया है कि हर परिवार को स्वच्छ पेयजल और हर खेत तक सिंचाई उपलब्ध हो। इसके लिए भजनलाल सरकार 91 हजार करोड़ की राम जल सेतु परियोजना से 17 जिलों में पेयजल, 4 लाख हेक्टेयर भूमि में सिंचाई उपलब्ध कराने के लिए 34 हजार 102 करोड़ के यमुना प्रोजक्ट और ब्राह्मणी-बनास लिंक से 10 जिलों तक पानी पहुंचाने पर काम कर रही है। इतना ही नहीं, खेती को आधुनिक, कृषि आधारित व्यवसाय से जुड़े नए आइडिया को फंड और युवाओं के लिए नए अवसर प्राप्त करने के लिए भजनलाल सरकार ने कृषि क्षेत्र में नए स्टार्टअप को आगे बढ़ाने के लिए 500 करोड़ के निवेश से राजस्थान एग्रीकल्चर एक्सीलेटर मिशन शुरू किया जा रहा है।

फसल की सुरक्षा करने के लिए यह सरकार 150 करोड़ के पेस्ट कंट्रोल फंड से किसानों को आधुनिक मशीनरी, तकनीक और रियायती कीटनाशक उपलब्ध कराएगी। साथ ही, 5 वर्षों में एक हजार लाख मीटर खेतों की फेंसिंग और 25 लाख वर्ग मीटर में शेड नेट और ग्रीन हाउस स्थापना के लिए सहायता दी जाएगी।

संकल्प पत्र में बताया गया है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य में 100 से अधिक मल्टीपर्पज पशु चिकित्सालय स्थापित किए जाएंगे, जिसके कारण पशुपालकों को यहां वहां भागना नहीं पड़ेगा। अपने पशुओं के इलाज के लिए क्यूंकि इन चिकित्साल्यों में पशुओं की समय पर जांच, सर्जरी और आपातकालीन उपचार की आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

राज्य की भजनलाल सरकार किसानों के हितों का ध्यान रखते हुए कई योजनाओं को संचालित कर रही है, जिससे उनको लाभ मिल रहा है। इसमें बिजली, पानी, सिंचाई की सुविधाओं की उपलब्धता के साथ उन्हें आर्थिक फायदा दिलाने के लिए, उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए विशेष प्रयास कर रही है, जिनका फायदा भी मिल रहा है।

नगर निगम ने शहर के कई इलाकों से हटाए अतिक्रमण

संचार जगत

जयपुर। निगम आयुक्त ओम कसेरा के निर्देश और पूर्व से प्राप्त शिकायतों पर उपायुक्त सतर्कता के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। निगम के अतिक्रमण विरोधी दस्ते ने मोती सन्स के पास, एनआईआर चैराहा, विजयपथ मानसरोवर, मध्यम मार्ग आवासन मण्डल के सामने, रीको कांटा चैराहा, सुमेर नगर, मांग्यावास मानसरोवर, लालरपुरा एवं खिरणी फाटक आदि स्थानों से अस्थाई अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध 13 हजार 500 रुपये का कैरिंग चार्ज वसूल कर 6 केन्टर सामान जब्त किया गया।

स्वामित्व, प्रकाशक एवं संपादक : अवंतिका राठौड़ - पी.के. प्रिंटर्स एंड स्टेशनर्स, 31, राम मंदिर के पास, पटेल नगर, 22 गोदाम, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यालय : जे-17, रमेश मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर। संपर्क : 0141 463 7668
ई-मेल : sancharjagat@gmail.com| आरएनआई नं. : RAJHIN/2014/55262 समाचार चयन के लिए पीआरबी अधिनियम के तहत जिम्मेदार। न्यायाधिकार क्षेत्र : जयपुर महानगर।